प्रादेशिक समाचार
दिनांक–29.01.2026 (दोपहर– 1455 बजे)
****

देश में वित्त वर्ष 2025–26 में वास्त विक सकल घरेलू उत्पादि–जीडीपी वृद्धि दर सात दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2026–27 में वृद्धि दर छह दशमलव आठ से सात दशमलव दो प्रतिशत के बीच रह सकती है। यह अनुमान आज संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा पेश आर्थिक सर्वेक्षण में व्यक्त किया गया।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने जमशेदपुर के एक्सएलआरआई में पर्यावरण और स्वास्थ्य पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताते हुए वैज्ञानिकों से विकसित भारत के लक्ष्य के लिए शोध को समाज और पर्यावरण हित से जोड़ने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने जमशेदपुर के आरवीएस कॉलेज में 6वें आइईईई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भी उद्घाटन किया। उन्होंने जमशेदपुर को नैतिक मूल्यों की मिसाल बताते हुए युवाओं से एआई और डिजिटल तकनीक का उपयोग समाज की समस्याओं को हल करने के लिए करने का आह्वान किया।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग– यूजीसी के उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता सर्वधन नियम–2026 को स्थगित करने का आदेश दिया। न्यायालय ने नियमों पर कुछ आपत्तियां व्यक्त कीं, जिन्हें सामान्य वर्ग के प्रति भेदभावपूर्ण बताया गया। न्यायालय ने सुझाव दिया कि प्रतिष्ठित न्यायविदों की एक समिति द्वारा नियमों की समीक्षा की जानी चाहिए।

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ 2026 के विनियमों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली तीन रिट याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। न्यायालय ने याचिकाओं पर केंद्र सरकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को नोटिस जारी कर इसका जवाब 19 मार्च को देने को कहा है। न्यायालय ने आदेश दिया कि इस बीच 2012 के यूजीसी विनियम लागू रहेंगे।

****

इस बीच झारखंड क्षत्रिय संघ ने जमशेदपुर में यूजीसी ड्राफ्ट रेगुलेशन 2026 का कड़ा विरोध करते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। संघ का आरोप है कि नए प्रावधानों से सामान्य वर्ग के छात्रों के प्रति भेदभाव बढ़ सकता है। उन्होंने संस्थानों की स्वायत्तता बचाने के लिए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है।

****

आयकर विभाग की अनुसंधान शाखा रांची, जमशेदपुर और हजारीबाग में बाबा राइस मिल समूह से जुड़े ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। रांची में छापेमारी कांके रोड, रातू रोड, पिस्का नगड़ी और हरमू रोड स्थित परिसरों पर की जा रही है। जमशेदपुर में कारोबारी संजय अग्रवाल के आवासों पर सर्वे चल रहा है। यह कार्रवाई बड़े पैमाने पर कर चोरी और अघोषित संपत्ति के आरोपों की जांच के लिए की जा रही है।

****

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर विफल होने का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि किसान, युवा और आदिवासी सहित हर वर्ग असुरक्षित है और सरकार कानून–व्यवस्था बनाए रखने के अपने मूल दायित्वों से पीछे हट गई है।

****

राज्य के 48 नगर निकायों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके साथ ही सियासी हलचल तेज हो गई है। उम्मीदवार अब विकास और जनसुविधाओं के वादों के साथ अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। धनबाद में पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने आज पहले दिन ही नामांकन दाखिल किया। झरिया से समाहरणालय तक भव्य रैली निकालकर उन्होंने शक्ति प्रदर्शन किया।

****

धनबाद सदर अस्पताल परिसर का रास्ता बंद किए जाने के विरोध में धनबाद बार एसोसिएशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि बाउंड्री वॉल बनने से आवागमन और पार्किंग बाधित हुई है।

****

चतरा जिले में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत पहली बार 6 लाख 98 हजार प्लॉट का डिजिटल फसल सर्वे शुरू हुआ है। इसका उद्देश्य किसानों को योजनाओं का सीधा लाभ देना है। इस कार्य से करीब तीन हजार स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है।

****